भूकंप मामले में इतालवी वैज्ञानिक बरी

वर्ष 2009 में इटली के शहर लाआकीला में 6.3 स्तर का भूकंप आया था जिसमें 300 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। इस मामले में 6 भूकंप वैज्ञानिकों पर मुदकमा चला था कि उन्होंने जनता को यह कहकर गुमराह किया था कि भूकंप आने की संभावना नहीं है। इन 6 वैज्ञानिकों में रोम स्थित नेशनल अर्थक्वेक सेंटर के भूतपूर्व निदेशक गिउलो सेलवेगी भी शामिल थे।

भूकंप 6 अप्रैल 2009 को आया था। इससे पहले कई महीनों तक लाआकीला और आसपास के क्षेत्रों में हल्के-फुल्के झटके आ रहे थे। जनता भ्रम में थी और भ्रम की स्थिति को भूकंप की भविष्यवाणी करने वाले एक स्थानीय नौसिखिए ने और बिगाड़ दिया था। उसका कहना था कि उसके पास प्रमाण है कि ज़बर्दस्त भूकंप आने वाला है।

तनाव को देखते हुए विशेषज्ञों के एक आयोग ने 31 मार्च 2009 को बैठक करके उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाणों का आकलन किया और सरकार को सलाह दी। इसके बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में इतालवी नागरिक सुरक्षा विभाग के उप निदेशक ने तसल्लीबख्श संदेश देते हुए कहा था कि किसी बड़े भूकंप की संभावना नहीं है।

इसके अलावा, रोम के पर्यावरण अनुसंधान व सुरक्षा संस्थान के निदेशक डी बर्नार्डिनिस ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि वैज्ञानिक समुदाय ने मुझे आश्वासन दिया है कि कोई खतरा नहीं है क्योंकि ऊर्जा का लगातार बिखराव हो रहा है।

सरकारी वकील के मुताबिक, जब 6 अप्रैल 2009 को भूकंप आया तो, इन वक्तव्यों के चलते, लोग घर से बाहर निकलने की बजाय घरों के अंदर ही बने रहे और घरों के धंसने के कारण मारे गए। 13 माह चले मुकदमे के अंत में अक्टूबर 2012 में विशेषज्ञ आयोग के सातों सदस्यों को दोषी पाया गया।

वैज्ञानिकों ने इसके विरुद्ध अपील की। वैज्ञानिकों के वकील ने कहा कि अव्वल तो वैज्ञानिकों के वक्तव्य को लोगों के व्यवहार के लिए जवाबदेह नहीं माना जा सकता। यह भी दलील दी गई कि विशेषज्ञों के मत के आधार पर सरकारी अधिकारी द्वारा जारी बयान के लिए वैज्ञानिक ज़िम्मेदार नहीं हैं। देखा जाए, तो इन विशेषज्ञों का मत वैज्ञानिक दृष्टि से सही था।

अदालत ने सभी वैज्ञानिकों को दोष मुक्त कर दिया है हालांकि अभी अदालत द्वारा दिए गए कारण ज़ाहिर नहीं किए गए हैं। इसके अलावा तथ्य यह भी है कि अदालत ने जहां सभी वैज्ञानिकों को दोषमुक्त कर दिया है वहीं किसी कारण से नागरिक सुरक्षा अधिकारी को दोषमुक्त न करते हुए मात्र सज़ा कम की है। लगता है, अभी और बहुत कुछ सामने आएगा। ***(स्रोत फीचर्स)***